Title: Need to provide compensation to the people of Barmer Parliamentary Constituency affected due to explosion of land mines on Indo-Pak border in Rajasthan.

कर्नल (सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी (बाड़मेर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर का 800 किलोमीटर बार्डर पाकिस्तान से जुड़ा है। जब अधिक समय तक फौजों का भारत-पाक सीमा पर लगाया जाता था, उस समय सरकार ने जो किसानों की फसलें खराब की थीं, उनको मुआबजे का कुछ भाग दे दिया है। जहां तक बारूदी सुरगें फटने के बाद मुआवजा का प्रश्न है, सरकार ने उससे हुई दुर्घटनाओं के बारे में और सिबिल लोगों के और उनके पशुओं की हानि के बारे में मुआवजा पैकेड बना लिया है। परन्तु बहुत से मामलों में सिविल लोगं को मुआवजा नहीं दिया गया है। लोगों को विकलांग होने, चोट लगने व उनके पशुओं की हानि होने का भी मुआवजा नहीं दिया गया है।

अतः मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय से निम्न कार्यों के लिए प्रार्थना करता हूं -

1. किसानों का बकाया पैसा केन्द्र सरकार फॉरन राज्य सरकार को दे।
2. बाड़मेर व जैसलमेर में सर्वे कराया जाए कि कितने लोग व पशु बारूदी सुरंग से जख्मी हुए।
3. कितने लोगों को और पशुओं का मुआवजा मिल गया है और बाकी कितने लोग व पशु हैं, जिनका मुआवजा नहीं मिला है।
4. बाकी लोगों और जख्मी पशुओं के मुआवजे का तुरन्त भुगतान कराया जाए।